सफलता की कहानी

स्कीम	ईएसडीपी स्कीम
कार्यक्रम का नाम	खाद्य प्रसंस्करण एवं बेकरी उत्पादों पर आधारित उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी)
कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी	श्री गौरव गोयल, सहायक निदेशक (औद्योगिक प्रबंध प्रशिक्षण)
प्रशिक्षण अवधि	01–01–2020 से 15–02–2020
प्रषिक्षणार्थी का नाम	निशा वर्मा, पति श्री अभिषेक वर्मा
पता :	तुकोबा अपार्टमेंट, 98–सी वैशाली नगर, नियर गोपुर स्क्वेअर, इंदौर मोबाईल नम्बर : 9691490009

पारिवारिक पृष्ठभूमि :

निशा वर्मा का जन्म मध्यप्रदेश के आगर–मालवा जिले के ग्राम–कानड़ में मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ । उनका विवाह वर्ष 2014 में इंदौर निवासी श्री अभिषेक वर्मा से हुआ जहॉ परिवार में उनके पति के अलावा उनकी माता जी भी साथ रहती हैं । निशा वर्मा ने उज्जैन के माधव कॉलेज से एलएलबी एवं एलएलएम की डिग्री प्राप्त की थी एवं उन्होंने इंदौर आकर सिविल जज की परीक्षा की तैयारी की। सिविल जज की परीक्षा में साक्षात्कार में सफल नहीं होने की वजह से वे निराश थीं किन्तु उनके मन में अपने पैरों पर खड़े होने की प्रबल इच्छा बनी हुई थी एवं उनका रूझान बेकरी व्यवसाय करने की ओर था ।

ईएसडीपी कार्यक्रम के संबंध में :–

निशा वर्मा को स्वयं का रोजगार प्रारम्भ करने की इच्छा प्रबल थी किन्तु इसकी कोई जानकारी नहीं होने और मार्गदर्शन का अभाव होने से यह साकार नहीं हो पा रही थी । उनकी इच्छा को बल तब मिला जब उन्होंने समाचार–पत्र दैनिक भास्कर में एमएसएमई विकास संस्थान, इंदौर द्वारा फुड एवं बेकरी उत्पादों पर आधारित ''उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम'' का विज्ञापन देखा । उन्होंने बगैर देर किए एमएसएमई डीआई के कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम **समन्वयक अधिकारी श्री गौरव गोयल** से जानकारी प्राप्त की और आवेदन–पत्र जमा करवाया । निशा वर्मा ने 01–01–2020 से प्रारम्भ हुए ईएपी कार्यक्रम में सक्रियता से भाग लिया एवं इस दौरान उनको **इस कार्यालय के अनुदेशक श्री जगदीश दवे के मार्गदर्शन में** विभिन्न बेकरी उत्पादों – ब्रेड, नॉन, केक, बिस्किट, जैसे कई अन्य उत्पादों

Certificate No.: 3152/E-SDP/2019-20/23

Government of India

Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises

Office of Development Commissioner

(Micro, Small and Medium Enterprises)

Certificate of Participation

This is to certify that Mrs. NISHA ... Mr. ABHISHEK VERMA has participated in ENTREPRENEURSHIP-CUM-SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME (E-SDP) during the period from 01/01/2020 to 11/02/2020 on the topic Food and Fruit Processing Industry organized at TPDC, MSME DEVELOPMENT INSTITUTE, INDORE and has successfully completed.

स्थान / Place : INDORE

दिनांक / Date : 13-02-2020

Name & Sign., Programme Coordinator

GAURAV GOYAL

Signature of Officer In-charge MSME Development Institute/Branch DI/Technology Centre

MSME-DI INDORE

Seal with name and Designation

तथा अचार, जैम, जेली, मुरब्बा, शरबत आदि को बनाने की प्रायोगिक जानकारी प्रदान की गई साथ ही उद्यमिता, प्रोजेक्ट चयन, मार्केट सर्वे, प्रोजेक्ट प्रोफाईल तैयार करना, फेक्ट्री विजिट आदि अन्य कई विषयों पर जानकारी दी गई जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उद्योग स्थापना के संबंध में उन्हें सम्पूर्ण मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। **कार्यक्रम के पश्चात उन्हें संस्थान के निदेशक प्रभारी श्री डी.सी.साहू के द्वारा प्रमाण–पत्र संख्याः 3152/ई–एसडीपी/2019–20/23 दिनांक 16–02–2020 प्रदान किया गया ।**

स्वयं का उद्योग स्थापित करना :–

एमएसएमई डीआई, इंदौर से प्राप्त प्रशिक्षण करने से निशा वर्मा को उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया के संबंध में जो अनभिज्ञता थी वह दूर हुई एवं उद्यमिता से संबंधित मोटिवेशनल व्याख्यानों ने उनके आत्मविश्वास में वृद्धि की जिससे उन्होनें स्वयं का रोजगार स्थापित करने का पक्का निर्णय कर लिया । एमएसएमई डीआई के अधिकारी श्री गौरव गोयल एवं अन्य अधिकारियों ने समय–समय पर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जिससे उन्होंने अपने विशिष्ट खान–पान के लिए प्रसिद्ध इंदौर शहर में बेकरी उद्योग की स्थापना का निर्णय लिया । उन्होंने अपने घर से ही अपनी स्वयं की पूॅंजी रू. 30,000/– मात्र से कच्चा माल, ओवन, बर्तन आदि आवश्यक सामान खरीदकर इन्दौर के वैशाली नगर में अपने घर से बेकरी व्यवसाय प्रारम्भ किया । निशा ने प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी के अनुसार खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के महत्व पर विशेष ध्यान रखा और इसी को अपने व्यवसाय का मूलमंत्र बना लिया । उन्होंने अपने व्यवसाय का विज्ञापन सोशल साईड्स– वाट्सप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अपना पेज निशास–बेकरी के नाम से बनाकर मार्केटिंग प्रारम्भ की । उनके उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता और शानदार स्वाद की वजह से उन्हें प्रारम्भ से ही बहुत अच्छा प्रतिसाद (रिस्पान्स) मिलने लगा और उनकी बहुत अच्छी आमदनी से शुरूआत हुई । निशा वर्मा अपने व्यवसाय में दिन–प्रति दिन सुधार और प्रगति कर रही हैं जिससे उन्हें अपना भविष्य उज्ज्वल नजर आने लगा है और वे प्रशिक्षण प्राप्ति के पश्चात प्रारम्भ किए गए बेकरी व्यवसाय को पूर्ण आत्मविश्वास से चला रही हैं ।